दिनांक 17.05.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रचार चरम पर–इस चरण का मतदान सोमवार को।
- कोटा विश्वविद्यालय ने तुर्की के विश्वविद्यालय के साथ शिक्षा अनुसंधान और पर्यटन शिक्षा के लिए एम.ओ.यू. किया।
- 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में इस बार भारत पर्व आयोजित किया गया।
- प्रदेश में झुलसा देने वाली गर्मी से लोग बेहाल–मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक लू जारी रहने की संभावना जताई।

000

लोकसभा चुनाव के तहत पांचवें चरण के मतदान के लिये प्रचार चरम पर है। इस चरण में प्रचार के लये अब केवल कल का दिन बाकी है। पांचवें चरण का मतदान सोमवार को होगा। इस बीच लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन था। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होगा।

000

सरकार ने विभिन्न बीमारियों के उपचार में आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं और छह फॉर्मूलेशन्सन की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लिवर रोगों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं।

आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और थोक वितरकों को दें।

0000

कोटा विश्वविद्यालय तुर्की के अफियन कोकाटेपे विश्वविद्यालय के साथ शिक्षा अनुसंधान और पर्यटन शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएगा। इस संबंध में कोटा यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा सिंह ने तुर्की में एक एमओयू साइन किया है। समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मुद्दों पर आपसी समझ को बढ़ाते हुए शिक्षा, अनुसंधान, पर्यटन पाठ्यक्रम और व्यावसायिक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि यह समझौता 5 वर्ष तक प्रभावी रहेगा।

000

वर्ल्ड हाईपरटेंशन–डे के अवसर पर आज प्रतापगढ़ में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने इस वर्ष की थीम **''लम्बे समय तक जीने के लिए, अपने बल्ड प्रेशर को सही से जांचों और काबू करो''** के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डब्ल्युएचओ के अनुमान के अनुसार देश के हर चौथे व्यक्ति को उच्च रक्त चाप की बीमारी है। अधिकांश लोगों को बीमारी होने के बावजूद इसका पता नहीं है और इसके खतरे से अनजान हैं। इस कारण इस बीमारी को साइलेन्ट किलर भी

कहते हैं। इसके लिए समय–समय पर अपना बल्डप्रेशर चेक कराते रहना चाहिए।

इस मौके पर भरतपुर के राजकीय आरबीएम अस्पताल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में चिकित्सकों ने हाइपरटेंशन की वजह से शरीर में होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया। चिकित्सकों ने मरीजों को बेवजह किसी बात पर टेंशन नहीं करने का आग्रह करते हुए कहा कि उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण रखें और नियमित रूप से शारीरिक जांच कराते रहें।

सवाईमाधोपुर जिले में भी वर्ल्ड हाईपरटेंशन–डे के अवसर पर जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर हुई संगोष्ठी में स्वस्थ जीवन के लिए विशेषज्ञों ने अधिक मात्रा में फल–सब्जियाँ, साबुत अनाज तथा कम वसा वाले भोजन का सेवन करने प्रोसेस्ड और हाई सोडियम वाले जंक फूड से परहेज करने पर जोर दिया। साथ ही तनाव को कम करने के लिए गहरी सांस लेने, ध्यान, योग का अभ्यास करने, नियमित व्यायाम या सुबह शाम टहलने के अभ्यास पर जोर दिया गया।

000

77वें कान्स फिल्म महोत्सव में इस बार भारत पर्व आयोजित किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू की मेजबानी में आयोजित इस पर्व के दौरान भारत की समृद्ध संस्कृति, व्यजनों और हस्तकला की झलक देखने को मिली। साथ ही भारतीय सिनेमा से भी कान्स महोत्सव की

रौनक बढ़ गई। इस दौरान 55 वें भारतीय अन्तरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

000

प्रदेश में झुलसा देने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं। अधिकतर इलाकों में दिन का तापमान 42 से 44 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। गर्मी इस कदर बढ़ रही है कि लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही लू ने भी जनजीवन पर व्यापक असर डाला है।

सवाईमाधोपुर जिले में आज भी तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई। दिन में लोगों की आवाजाही कम होने से बाजारों में सन्नाटा देखा गया। चूरू में दिनभर गर्म लू चलती रही, जिससे बचने के लिए लोग शरीर को कपड़े से ढक कर बाहर निकल रहे हैं। बालोतरा में बीच–बीच में बादल छाने के बावजूद अधिकतम तापमान 44 डिग्री जा पहुंचा।

बीकानेर में तापमान 45 डिग्री चल रहा है, लेकिन सीमा क्षेत्र में और ज्यादा गर्मी का अहसास हो रहा है। वहीं जोधपुर के लूणी में आज हल्की बारिश हुई। नागौर जिले में भी कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। इस बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान मामूली बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में लू का दौर आगामी एक सप्ताह तक जारी रहेगा।

..................

000

भरतपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज एक बड़ी दुर्घटना में बस में सवार 4 महिला यात्रियों की मृत्यु हो गई। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि एक ट्रक और उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस में टक्कर से ये दुर्घटना हुई।

..................

000

सांचौर जिले के रानीवाड़ा में आज सौहार्द युवा खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों और युवाओं के साथ जिला पुलिस और प्रशासन का संवाद स्थापित करना और आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत करना है। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन रानीवाड़ा के अलावा सांचौर और सरवाना में किया जाएगा तथा अधिक से अधिक संख्या में जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आज रानीवाड़ा में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 6 टीमों ने हिस्सा लिया।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 19 से 28 मई तक राष्ट्रीय सहकार मेला आयोजित किया जायेगा। सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर से आयोजित 10 दिन के इस मेले में लोगों को शुद्ध और प्रमाणित मसाले एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। मेले से मसाला उत्पादक किसानों और छोटी इकाइयों का सीधे ग्राहकों से संपर्क हो सकेगा। मेले में रोजाना आकर्षक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी।

0000

खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की ओर से आज जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान घटिया घी का बड़ा स्टॉक मिला है। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेततृत्व में की गई कार्रवाई के तहत 13 हजार 700 लीटर घी बरामद किया गया, जिसकी गुणवत्ता सही नहीं मिली।

000

बूंदी जिले की बड़ौदिया ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत मॉडल ओडीएफ प्लस और आदर्श गांव बनाने के लिए जिला परियोजना समन्वयक निजामुद्दीन ने सरपंच राधेश्याम गुप्ता के साथ गांव का भ्रमण किया। इसके बाद बैठक आयोजित कर बडौदियां को ओडीएफ पंचायत बनाने के लिए कार्य योजना बनाई गई। बैठक में गांव को कीचड़ मुक्त और कचरा मुक्त बनाकर उत्कृष्ट श्रेणी में मॉडल ओडीएफ प्लस बनाने के लिए किए जाने वाले कार्यों पर विचार विमर्श किया गया।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में उच्च और उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न न्यायिक फैसलों को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय ने कहा कि इस नवाचार से अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं के संबंध में तथ्यात्मक और सटीक जानकारी मिल सकेगी।

000

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर की वरिष्ठ निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा,

प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में नए प्रवेश और पुनः प्रवेश के लिए 30 जून तक आवेदन किया जा सकता है। विद्यार्थियों को इग्नू के कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट ˇण्पहदवनण्बण्पद पर जाना होगा तथा समर्थ पोर्टल पर एक यूजर आईडी और पासवर्ड की मदद से पंजीकरण करवाना होगा। विद्यार्थियों को नेट बैकिंग की सहायता से फीस का भुगतान करना होगा। पंजीकरण पूरा होने पर मुख्यालय और क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा दस्तावेजों की जांच के बाद प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा जिसकी सूचना विद्यार्थियों के मोबाइल नम्बर और ई–मेल आईडी पर भेजी जावेगी।

000